अत्यावश्यक
नगरपालिका आम/
उप निर्वाचन, 2026

राज्य निर्वाचन आयोग
बिहार
STATE ELECTION COMMISSION,
BIHAR

सत्यमेव जयते

संख्या–न0नि0–50–13/2025...1511...

प्रेषक,

मुकेश कुमार सिन्हा (भा.प्र.से.),
सचिव,
राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार, पटना।

सेवा में,

सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका)
–सह–जिला पदाधिकारी, बिहार
(मधुबनी, सुपौल, समस्तीपुर, कटिहार, कैमूर, शेखपुरा, शिवहर,
मुंगेर, अररिया, बांका, गोपालगंज, नवादा, जमुई एवं अरवल को छोड़कर)।

पटना, दिनांक– 13.4.26

विषय :– नगरपालिका आम/उप निर्वाचन, 2026 हेतु मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशन के बाद दावा–आपत्ति के निष्पादन एवं अनुश्रवण करने के प्रशिक्षण के संबंध में।

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषयक संबंध में कहना है कि मतदाता सूची के निर्माण संबंधी सभी प्रक्रियाओं का यूजर मैनुअल आयोग के पत्रांक–936 दिनांक–06.03.2026 द्वारा प्रेषित किया गया है तथा प्रथम चरण में सॉफ्टवेयर के माध्यम से मतदाता सूची का विखंडीकरण एवं प्रारूप प्रकाशन का पी.डी.एफ. तैयार करने का प्रशिक्षण दिनांक–20.03.2026 को आयोग स्तर से BSWAN के माध्यम से संबंधित पदाधिकारी को दिया जा चुका है।

मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशन के बाद दावा–आपत्ति प्राप्त करना एवं दावा–आपत्ति के निष्पादन की प्रक्रिया एवं उनका अनुश्रवण करने का प्रशिक्षण दिनांक–**15.04.2026** को **12.00 से 02.00** बजे तक वीडियो कॉन्फ्रेसिंग (BSWAN) के माध्यम से निर्धारित की गयी है। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी(नगरपालिका), जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी (मतदाता सूची), सभी संबंधित निबंधन पदाधिकारी एवं रिवाईजिंग ऑथोरिटी तथा उनके आई.टी.सहायक, जिला के तकनीकी टीम (D.I.O, A.D.I.O., IT Manager, Programmerएवं अन्य) अपेक्षित हैं।

अतः अनुरोध है कि सभी संबंधित पदाधिकारी को आयोग स्तर से निर्धारित ऑनलाईन प्रशिक्षण कार्यक्रम में ससमय सम्मिलित होने के लिए निदेशित करने की कृपा करे।

विश्वासभाजन

13/4/26

सचिव।

ज्ञापांक– न0नि0–50–13/2025 1511   पटना, दिनांक–13.4.26

प्रतिलिपिः– श्री राहुल गुप्ता, DBA, SER/श्री नीतीश कुमार, आई0टी0 प्रबंधक, राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार, पटना/BSWAN को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

13/4/26

सचिव।

Sone Bhawan, 3rd Floor, Birchand Patel Marg, Patna – 800 001, Phone 2506826. 2506917, 2506844, 2506994 Fax: 0612-2507847| E-mail: secbihar@gmail.com

856

E:\dhiru\yogesh ji\Letter26.word..docx

13.4.2026